


# सेनिटरी नेपकिन सुविधाजनक और आरामदायक

*एक ऐसा कपड़े का टुकड़ा जो आसानी से सोख लेता हो, अस्तर, रूई जैसे कई विकल्प, महिलाएं स्वाभाविक ऋतु चक्र से जूझने के लिए कुछ इसी तरह के तरीकों की तलाश में रहती हैं। लेकिन आज उनके पास इस प्राकृतिक देन से निपटने के लिए बाज़ार में विभिन्न ब्रांड के सेनिटरी नेपकिन आ गए हैं। लेकिन इन विकल्पों का सच्चा अभिप्राय तभी है जब बहुत सी सांस्कृतिक प्रथाओं और आधुनिक सुविधाओं के होते हुए, सभी महिलाएं इस आधुनिक उत्पाद को पाने में समर्थ हों तथा उनके लिए माहवारी के दौरान एक बेहतर उपाय के रूप में खरे उतर सकें। कंस्यूमर वॉयस ने इस बार परीक्षण के लिए बाज़ार में उपलब्ध सेनिटरी नेपकिन के सबसे अधिक बिकने वाले नौ ब्रांड को चुना। परीक्षण में पैड के सोखने की क्षमता, उसकी लंबाई से लेकर इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल करने की सुविधा आदि महत्वपूर्ण तथ्यों को शामिल किया गया।*

महिलाओं के स्वाभाविक ऋतु चक्र से जुड़ी सेनिटरी नेपकिन 19 वीं सदी की एक महत्वपूर्ण खोज मानी जाती है। आज, एक चौथाई सदी बीत जाने के बाद, विभिन्न प्रकार के सेनिटरी नेपकिन अलग–अलग डिजाइन में आने लगे हैं। अब ये सिर्फ सुविधा तक ही सीमित नहीं बल्कि स्टाइल और फ़ैशन के अनुसार भी इनकी मांग होने लगी है। इनमें सबसे खास नए परिवर्तन हैं कि नेपकिन का महीन से महीन पतले अस्तर का होना, पेंटी लाइनर, सुगंध, पैड का पतला होना आदि है।

आज, स्त्री के स्वास्थ्य संबंधी ये उत्पाद का अरबों का व्यापार कर रहे हैं। आज की महिलाएं इसे लेकर कुछ जागरूक हो गई हैं। सेनिटरी नेपकिन के बगैर आज जीवन की कल्पना महिलाओं के लिए थोड़ी मुश्किल है, इन्हीं विशेषताओं के साथ–साथ आज बाज़ार में कई श्रेणी में उपलब्ध हैं। विदेशी कंपनी के बहुत से ब्रांड के सेनिटरी नेपकिन सोखने की क्षमता और आकार जैसी विशेषताओं के साथ मौजूद हैं। *कंस्यूमर वॉयस* ने जांच के लिए सामान्य आकार वाले और ऐसे सेनिटरी नेपकिन के ब्रांड को चुना जो पूरे भारत में अधिकतर बिकने वाले हैं।

सेनिटरी नेपकिन या सेनिटरी टॉवल महिलाओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले पूरी तरह से सोखने वाले उत्पाद हैं। इनका प्रयोग माहवारी हो या स्त्री संबंधी ऐसी समस्या जिसमें रक्त के प्रवाह को सोखने की क्षमता हो। साथ ही इनकी सुविधा से कपड़े भी साफ–सुथरे रहते हैं।

भारत में, सेनिटरी नेपकिन की सबसे बड़ी बाधा उसे आसानी से खरीदने में आने वाले खर्च की है। भारत की 70 प्रतिशत महिलाएं सेनिटरी नेपकिन नहीं खरीद सकती जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें महीन साफ कपड़े जो अच्छे से रक्त के प्रवाह को सोख सकें उन पर ही निर्भर रहना पड़ता है।

### डिजाइन और बनावट

सेनिटरी नेपकिन का डिज़ाइन इस तरह से किया जाता है कि उसके सोखने की क्षमता अधिक हो और माहवारी के दौरान इस्तेमाल करने पर डिस्चार्ज को पैड में ही रोक सके। साथ ही अंदर के कपड़ों में आसानी से स्थिर लगा रहे। क्योंकि अधिक डिस्चार्ज की स्थिति में रक्त के बाहर आने का डर रहता है।

### स्टैंडर्ड डिजाइन

1 नेपकिन के सबसे ऊपर की परत बारीक छिद्र वाली होती है।

2 ट्रांसफर लेयर

3 सोखने वाली लेयर

4 सोखने वाली कोर

5 पीछे की तरफ की शीट

नेपकिन का आकार समतल/वक्र वाला होता है। जिससे कि पैड अत्यधिक रिसाव में सुरक्षित और स्थिर रहे।

### जांच के महत्वपूर्ण तथ्य

- पूर्णत: कार्यनिष्पादन जांच में केयरमेट 90 अंक के साथ सबसे आगे रहा इसके बाद 86 अंक के साथ कोटेक्स और 85 अंक के साथ केयरफ्री रहा।
- सभी ब्रांड की सोखने की क्षमता की जांच की गई जिसमें सभी ब्रांड में अधिक बहाव को भी सोखने की क्षमता है।
- पैड के इस्तेमाल के बाद उसे डिस्पोजल करने के लिए सुविधा की जांच में ब्रांड डोंट वरी, सोफी, शी (एक्स्ट्रा लार्ज) और विश्पर पानी में पांच मिनट तक डुबोए रखने पर भी अलग–अलग नहीं बिखरते हैं। भारतीय मानक के अनुसार उसका ढेर आसानी से पानी में द्रवित हो जाना चाहिए।
- केयरफ्री (102.88 मि.मी) आकार का सबसे अधिक मोटा नेपकिन रहा और डोंट वरी का (26.2 मि.मी) आकार के साथ सबसे पतला नेपकिन रहा।
- संवेदी जांच में विश्पर को सबसे अधिक अंक मिले इसके बाद केयरमेट और शी (एक्स्ट्रा लार्ज) को।

| आकार | नेपकिन की लंबाई (मि.मी) | चौड़ाई (मि.मी) | मोटाई (मि.मी) |
|---|---|---|---|
| रेग्यूलर | 200 ± 20 | 60 to 75 | 15 ± 2 |
| लार्ज | 240 ± 20 | | |
| एक्स्ट्रा लार्ज | 280 ± 20 | | |

**ब्रांड की जांचः** पांच मेट्रो शहरों के खुदरा बाज़ार में सेनिटरी नेपकिन की मांग के अनुसार ही चुने गए थे। प्रयोगशाला जांच में सभी ब्रांड का पूर्णतः आकलन करने के बाद ही अंक दिए गए।

| रैंक | ब्रांड | वेरिऐंट | सामान्य आकार/ बड़ा/ ज़्यादा बड़ा | पैक का आकार | कीमत (रुपए में) | पैक का आकार | उत्पादक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सामान्य आकार | | | | | | |
| 1 | केयरमेट | एक्टिव च्वॉइस मिडियम फ्लो | N/M* | 240 | 45 | 20 | श्री राधे हाइजीन |
| 2 | कोटेक्स | सॉफ्ट एंड स्मूथ | सामान्य | 230 | 50 | 20 | के ए इंटरप्राइजेज़ गुड़गांव |
| 3 | केयरफ्री | N/M* | सामान्य | 465 | 105 | 20 | जॉनसन एंड जॉनसन |
| 4 | शी | सलेक्ट कम्फर्ट | N/M* | 230 | 20 | 8 | रॉयल हाइजीन केयर |
| 4 | स्टेफ्री | सिक्योर कॉटन सॉफ्ट | सामान्य | 230 | 52 | 20 | जॉनसन एंड जॉनसन |
| 4 | विशपर च्वॉइस | च्वॉइस विंग्स | N/M* | | 26 | 8 | पी एंड जी |
| लार्ज | | | | | | | |
| 1 | डोंट वरी | N/M* | अल्ट्रा थिन रेग्यूलर | 240 | 32 | 6 | मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड, दिल्ली |
| 2 | सोफी | साइड वाल ड्राइ स्लिम | लार्ज | 260 | 99 | 15 | यूनीचार्म |
| एक्स्ट्रा लार्ज | | | | | | | |
| 1 | शी | अल्ट्रा कम्फर्ट | एक्स्ट्रा लार्ज | 284 | 199 | 30 | रॉयल हाइजीन केयर |

**बेहतर खरीद– केयरमेट**

**सेनिटरी नेपकिन इस्तेमाल करते समय इन सामान्य गलतियों से बचें –**

**1 नए नेपकिन को इस्तेमाल करने से पहले अपने हाथों को न धोएंः** नेपकिन को खोलने से लेकर इस्तेमाल करने की प्रक्रिया तक बहुत से जीवाणु आपके हाथों में रह सकते हैं।

**2 बीती हुई अवधि वाले नेपकिन पैक पर पैसे न खर्च करेंः** सेनिटरी नेपकिन के लिए स्वस्थ होने के लिए ज़रूरी मानक दिए गए हैं। इसलिए यदि पैड के इस्तेमाल करने की अवधि के खत्म होने से कुछ दिन पहले ही उसको इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

**3 प्रचार के आधार पर ही खरीदें सेनिटरी नेपकिनः** फ्री ऑफर जैसी कई तरह की छूट विक्रेताओं द्वारा समय–समय पर दी जाती है। ऐसे में कम गुणवत्ता, लंबे समय तक भंडारण अवधि, माल ले जाने में विलंब, आदि बातें शामिल होती हैं। और इस तरह उत्पाद की गुणवत्ता का आश्वासन नहीं दिया जा सकता।

**4 एक बार परीक्षण के बाद ही करें इस्तेमालः** बाज़ार में नेपकिन के बहुत से नए ब्रांड और नए उत्पाद उच्च स्तर पर प्रचार के साथ आते रहते हैं। उपभोक्ताओं को इनके इस्तेमाल से बचना चाहिए। एक उत्पाद को परखने के बाद ही उसे नियमित रूप से प्रयोग मे लाना चाहिए। उदाहरण के लिए सेनिटरी नेपकिन का ड्राइ नेट सतह वाला एक उत्पाद है। इस नेपकिन को यदि संवेदी त्वचा वाली महिलाएं इस्तेमाल कर लेंगी तो उनकी त्वचा पर निशान हो जाते हैं और खुजली होने का खतरा रहता है। इसलिए हमेशा प्रचलित उत्पादक, अच्छी दुकान से ही नेपकिन खरीदना चाहिए और अपने अनुभव और समझ के आधार पर ही फैसला करना चाहिए।

**5. नेपकिन हमेशा सुगंध वाला ही प्रयोग करेंः** अधिकांश डॉक्टर इस तरह के उत्पाद के लिए सलाह नही देते हैं क्योंकि हो सकता है कि उसकी सुगंध आप पर अप्रत्याशित प्रभाव डाल सकती है।

**मापदंड का विश्लेषण**

1 **नेपकिन का आकार (लंबाई×चौड़ाई×मोटाई):** सेनेटरी नेपकिन विंग्स के साथ और बगैर विंग्स के भी आते है, वक्र या किनारों से रिसाव से सुरक्षा का ध्यान रखते हुए नेपकिन का आकार होता है।

**लबाई :** भारतीय मानक के अनुसार रेग्यूलर, लार्ज और एक्स्ट्रा लार्ज आकार वाले नेपकिन की लंबाई 180मि.मी से 220मि.मी, 220मि.मी से 260मि.मी, 260मि.मी से 300मि.मी होती है। जिससे कि नेपकिन पूरी तरह सुविधा दे सके।

**चौड़ाई:** भारतीय मानक के अनुसार नेपकिन की चौड़ाई उसके आकार के आधार पर 60मि.मी–75मि.मी होती है।

**मोटाई:** नेपकिन की मोटाई के बारे में उत्पादक द्वारा ब्रांड के कवर पर जानकारी देना ज़रूरी होता है। यह उत्पादक द्वारा नेपकिन दिए जा रहे आकार और श्रेणी पर निर्भर करता है। हां, उत्पादक को यह ध्यान मे रखकर नेपकिन की मोटाई निर्धारित करनी चाहिए कि महिला उपभोक्ताओं को इसे इस्तेमाल करने में कोई परेशानी नहीं आए।

2 **सोखने के लिए क्या किया गया इस्तेमाल:** नेपकिन को तैयार करने में उसके अंदर सोखने की क्षमता के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला उत्पाद सेलूलोज़, सेलूलोज़ वाडिंग, टिश्यू, कॉटन होती है जो एक जगह इक्ट्ठा नहीं होती।

3 **अवशोषकता और खड़े होने पर सोखने की क्षमता:** सेनिटरी नेपकिन के बीच वाले हिस्से पर रंग वाला पानी गिराकर या रक्त प्रवाह, अधिक होने पर 30 मि.ली तक सोख लेता है। किसी में भी किनारों की ओर से या नीचे की तरफ से रिसाव जैसी परेशानी नहीं पाई गई।

4 कवरिंग : भारतीय मानक के अनुसार अवशोषक वाले हिस्से को अच्छी गुणवत्ता वाली रूई से, फेब्रिक और नेपकिन की स्थिरता के लिए आसानी से चिपकाने की सुविधा होनी चाहिए। यदि उत्पादक द्वारा रूई का प्रयोग किया जाता है तो भारतीय मानक को इसकी जानकारी देना जरूरी है।

5 **इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल की सुविधा:** नेपकिन में बनाने में इस्तेमाल सभी उत्पाद और सोखने की क्षमता के लिए उत्पादों को 15 लीटर पानी में डुबोया गया। पानी डालकर रखे गए नेपकिन को बिखर जाने में पांच मिनट से अधिक नहीं लगते।

6 **pH :** भारतीय मानक के अनुसार सेनिटरी नेपकिन एसिडिक और क्षार पदार्थ से मुक्त होने चाहिए और नेपकिन में सोखने वाले उत्पाद का pH 6 से 8.5 के बीच होना चाहिए।

7 **इस्तेमाल करने में कैसा:** नेपकिन में सोखने के लिए इस्तेमाल किया उत्पाद बहुत साफ तरीके से, ज़रूरी आकार और उसकी मोटाई के अनुसार ही लगाना चाहिए। जिसमें कि प्रयोग करते समय किसी तरह की सलवटे न आएं। अचानक अधिक प्रेशर की स्थिति में नेपकिन एकत्र नहीं होना चाहिए। नेपकिन में खासकर उस जगह पर जहां विशेष रूप से उसे चिन्हित किया होता है अधिक से अधिक सोखने की क्षमता होनी चाहिए।

8 **पैकिंग:** नेपकिन के सभी ब्रांड या पॉलीथीन–लाइन कार्टन में या फिर पॉलीथीन बैग में पैक किए गए। पैकिंग के लिए मानदंडों के आधार पर ही सभी ब्रांड को अंक दिए गए थे कि उत्पाद की पैकिंग को दोबारा से इस्तेमाल किया जा सकता है क्या, वातावरण के अनुकूल है कि नहीं आदि।

9 **मार्किंग:** सभी ब्रांड के उत्पाद पर निम्न बातें ज़रूर चिन्हित होनी चाहिए : 1– उत्पादक का मानक चिन्ह 2– पैकेट में सेनिटरी नेपकिन की संख्या 3– आकार 4– कीमत 5– इस्तेमाल करने के बाद उसे डिस्पोजल करने का तरीका।

### केयरमेट

**रेग्यूलर**

नेपकिन का आकार (लंबाई×चौड़ाई×मोटाई)

- **लंबाई (मि.मी):** निर्धारित : 240, परिणाम : 210
- **चौड़ाई (मि.मी):** आकार के अनुसार पैकिंग पर निर्धारित किया गया
- **मोटाई (मि.मी):** 54.98

**सोखने के लिए इस्तेमाल फिलर:** जांच में सफल

**अवशोषक और खड़े होने पर सोखने की क्षमता:** जांच में सफल

**कवरिंग:** जांच में सफल




**इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल की सुविधा:** जांच में सफल

**पीएच:** निर्धारित मात्रा के अंतर्गत पाया गया

**इस्तेमाल में करने में कैसा:** उत्तम

**पैकिंग:** अंक 4 : 2 गैर–सड़नशील

**मार्किंग:** सभी ज़रूरी जानकारी दी गई

### कोटेक्स

**रेग्यूलर**

नेपकिन का आकार (लंबाई×चौड़ाई×मोटाई)

- **लंबाई (मि.मी):** निर्धारित : 230, परिणाम : 200
- **चौड़ाई (मि.मी):** आकार के अनुसार पैकिंग पर निर्धारित किया गया
- **मोटाई (मि.मी):** 61.52

**सोखने के लिए इस्तेमाल फिलर:** जांच में सफल

**अवशोषक और खड़े होने पर सोखने की क्षमता:** जांच में सफल




**कवरिंग:** जांच में सफल

**इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल की सुविधा** : जांच में सफल

**पीएच:** निर्धारित मात्रा के अंतर्गत पाया गया

**इस्तेमाल में करने में कैसा:** उत्तम

**पैकिंग:** अंक 4 : 2 गैर–सड़नशील

**मार्किंग:** सभी ज़रूरी जानकारी दी गई

### केयरफ्री

**रेग्यूलर**

नेपकिन का आकार (लंबाई×चौड़ाई×मोटाई)

- **लंबाई (एमएम): निर्धारित:** 465 (बेल्ट के आकार पूरी लंबाई) परिणाम : 185
- **चौड़ाई (एमएम):** आकार के अनुसार पैकिंग पर निर्धारित किया गया
- **मोटाई (एमएम):** 102.88 सभी ब्रांड में सबसे अधिक मोटाई

**सोखने के लिए इस्तेमाल फिलर:** जांच में सफल

**अवशोषक और खड़े होने पर सोखने की क्षमता:** जांच में सफल

**कवरिंग:** जांच में सफल




**इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल की सुविधा:** जांच में सफल

**पीएच:** निर्धारित मात्रा के अंतर्गत पाया गया

**इस्तेमाल में करने में कैसा** : उत्तम

**पैकिंग:** अंक 4 : 2.5 गैर–सड़नशील

**मार्किंग:** सभी ज़रूरी जानकारी दी गई

### शी

**रेग्यूलर**

नेपकिन का आकार (लंबाई×चौड़ाई×मोटाई)

- **लंबाई (मि.मी):** निर्धारित : 230, परिणाम : 197
- **चौड़ाई (मि.मी):** आकार के अनुसार पैकिंग पर निर्धारित किया गया
- **मोटाई (मि.मी):** 52.21 सोखने के लिए इस्तेमाल फिलर : जांच में सफल

**अवशोषक और खड़े होने पर सोखने की क्षमता:** जांच में सफल

**कवरिंग:** जांच में सफल




**इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल की सुविधा:** जांच में सफल

**पीएच:** निर्धारित मात्रा के अंतर्गत पाया गया

**इस्तेमाल में करने में कैसा:** उत्तम

**पैकिंग:** अंक 4 : 2 गैर–सड़नशील

**मार्किंग:** सभी ज़रूरी जानकारी दी गई

### स्टेफ्री

**रेग्यूलर**

नेपकिन का आकार (लंबाई×चौड़ाई×मोटाई)

- **लंबाई (मि.मी):** निर्धारित : 230, परिणाम : 208
- **चौड़ाई (मि.मी):** आकार के अनुसार पैकिंग पर निर्धारित किया गया
- **मोटाई (मि.मी):** 69.28

**सोखने के लिए इस्तेमाल फिलर:** जांच में सफल
**अवशोषक और खड़े होने पर सोखने की क्षमता:** जांच में सफल




**कवरिंग:** जांच में सफल
**इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल की सुविधा :** जांच में सफल
**पीएच:** निर्धारित मात्रा के अंतर्गत पाया गया
**इस्तेमाल में करने में कैसा :** उत्तम
**पैकिंग:** अंक 4 : 2 गैर–सडनशील
**मार्किंग:** सभी ज़रूरी जानकारी दी गई

### विश्पर च्वॉइस

**रेग्यूलर**

नेपकिन का आकार (लंबाई×चौड़ाई×मोटाई)

- **लंबाई (मि.मी):** निर्धारित : 240, परिणाम : 201
- **चौड़ाई (मि.मी):** आकार के अनुसार पैकिंग पर निर्धारित किया गया
- **मोटाई (मि.मी):** 59.97

**सोखने के लिए इस्तेमाल फिलर:** जांच में सफल
**अवशोषक और खड़े होने पर सोखने की क्षमता:** जांच में सफल
**कवरिंग:** जांच में सफल



**इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल की सुविधा:** पानी में डालने पर पूरी तरह से नेपकिन के सारे उत्पाद पानी में पांच मिनट के समय मे मिश्रित नहीं हुए
**पीएच:** निर्धारित मात्रा के अंतर्गत पाया गया
**इस्तेमाल में करने में कैसा :** उत्तम
**पैकिंग:** अंक 4 : 2 गैर–सडनशील
**मार्किंग:** नेपकिन का आकार नहीं दिया गया

### डोन्ट वरी

**लार्ज**

नेपकिन का आकार (लंबाई×चौड़ाई×मोटाई)

- **लंबाई (मि.मी):** निर्धारित : 240, परिणाम : 239
- **चौड़ाई (मि.मी):** आकार के अनुसार पैकिंग पर निर्धारित किया गया
- **मोटाई (मि.मी):** 26.2

**सोखने के लिए इस्तेमाल फिलर:** जांच में सफल
**अवशोषक और खड़े होने पर सोखने की क्षमता:** जांच में सफल




**कवरिंग:** जांच में सफल
**इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल की सुविधा** : पानी में डालने पर पूरी तरह से नेपकिन के सारे उत्पाद पानी में पांच मिनट के समय मे मिश्रित नहीं हुए
**पीएच:** निर्धारित मात्रा के अंतर्गत पाया गया
इस्तेमाल में करने में कैसा : उत्तम
**पैकिंग:** अंक 4 : 2 गैर–सडनशील
**मार्किंग:** सभी ज़रूरी जानकारी दी गई

### सोफी

**लार्ज**

नेपकिन का आकार (लंबाई×चौड़ाई×मोटाई)

- **लंबाई (मि.मी): निर्धारित:** 260, परिणाम : 225
- **चौड़ाई (मि.मी):** आकार के अनुसार पैकिंग पर निर्धारित किया गया
- **मोटाई (मि.मी):** 43.01

**सोखने के लिए इस्तेमाल फिलर:** जांच में सफल
**अवशोषक और खड़े होने पर सोखने की क्षमता :** जांच में सफल




**कवरिंग:** जांच में सफल
**इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल की सुविधा:** पानी में डालने पर पूरी तरह से नेपकिन के सारे उत्पाद पानी में पांच मिनट के समय मे मिश्रित नही हुए
**पीएच:** निर्धारित मात्रा के अंतर्गत पाया गया
**इस्तेमाल में करने में कैसा:** उत्तम
**पैकिंग:** अंक 4 : 2 गैर–सडनशील
**मार्किंग:** सभी ज़रूरी जानकारी दी गई

## शी

**एक्स्ट्रा लार्ज**




नेपकिन का आकार (लंबाई×चौड़ाई×मोटाई)

- **लंबाई (मि.मी):** निर्धारित : 284, परिणाम : 257
- **चौड़ाई (मि.मी):** आकार के अनुसार पैकिंग पर निर्धारित किया गया
- **मोटाई (मि.मी):** 21.73

**सोखने के लिए इस्तेमाल फिलरः** जांच में सफल

**अवशोषक और खड़े होने पर सोखने की क्षमताः** जांच में सफल, **कवरिंगः** जांच में सफल

**इस्तेमाल के बाद डिस्पोजल की सुविधाः** पानी में डालने पर पूरी तरह से नेपकिन के सारे उत्पाद पानी में पांच मिनट के समय मे मिश्रित नही हुए, **पीएचः** निर्धारित मात्रा के अंतर्गत पाया गया, **इस्तेमाल में करने में कैसाः** उत्तम, **पैकिंगः** अंक 4 : 2 गैर–सडनशील, **मार्किंगः** सभी ज़रूरी जानकारी दी गई

**सेनिटरी नेपकिन के सभी ब्रांड को विभिन्न निर्देशों का पालन ज़रूर करना चाहिए :**

1 इस्तेमाल करने का तरीका,

2 किस तरफ से सोखने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा

3 कितनी देर मे नेपकिन बदल लेना चाहिए

4 वातावरण के अनुकूल,

5 नेपकिन के बनाने के तारीख और उसे इस्तेमाल करने की अवधि

6 इस्तेमाल करने के बाद डिस्पोजल का तरीका (नेपकिन को बगैर पैक किए फेकना है तो उसे पानी में ड्रेन कर देना चाहिए),

**संवेदी जांचः** महिला वालंटियर्स को सेनिटरी नेपकिन के नमूने के साथ उससे संबंधित प्रश्न पत्र के साथ दिया गया था। जिससे कि उत्पाद के बारे में उनकी राय का अनुमान लगाया जा सके। उसी के आधार पर नीचे चार्ट दिया गया है

| | ब्रांड | 25 में से अंक मिले |
|---|---|---|
| रेग्यूलर | केयरमेट | 19.39 |
| | कोटेक्स | 14.66 |
| | केयरफ्री | 12.99 |
| | शी | 15.85 |
| | स्टेफ्री | 13.88 |
| | विश्पर चॉइस | 20.88 |
| लार्ज | डोंट वरी | 17.15 |
| | सॉफी | 15.85 |
| एक्स्ट्रा लार्ज | शी (एक्स्ट्रा लार्ज) | 17.7 |

## सेनिटरी नेपकिन का तुलनात्मक प्रदर्शन चार्ट

| टैस्ट पैरामीटर↓ | % भारांक | रेग्यूलर | | | | | | लार्ज | | एक्ट्रा लार्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रांड→ | | केयर मेट | कोटेक्स | केयर फ्री | शी | स्टेफ्री | विश्पर | डोंट वरी | सोफी | शी |
| प्रत्येक पैकेट में पैड की संख्या | | 20 | 20 | 20 | 8 | 20 | 8 | 6 | 15 | 30 |
| MRP (रुपए में) | | 45 | 50 | 105 | 20 | 52 | 26 | 32 | 99 | 199 |
| कीमत प्रति पैड, (रुपए में) | | 2.25 | 2.5 | 5.25 | 2.5 | 2.6 | 3.25 | 5.33 | 6.6 | 6.63 |
| एब्ज़ोर्बेन्ट फिल्टर | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| कवरिंग | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| पैड साइज़ | 9 | 6.85 | 7.33 | 7.78 | 5.65 | 7.33 | 7.42 | 5.51 | 4.81 | 4.28 |
| पी एच | 8 | 7.66 | 7.84 | 7.94 | 6.94 | 6.67 | 6.59 | 7.14 | 7.51 | 7.21 |
| डिस्पोज़ेबिलिटि | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 4.0 | 4.0 | 4.0 | 4.0 |
| एब्ज़ोर्बेन्सी एंड एब्ज़ोर्बिलिटि | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 |
| **संवेदी परीक्षण*** | **25** | **19.39** | **14.66** | **12.99** | **15.85** | **13.88** | **20.88** | **17.15** | **15.85** | **17.7** |
| पैकेजिंग | 4 | 2 | 2 | 2.5 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| मार्केटिंग | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 4 | 5 | 5 | 5 |
| वर्कमैनशिप एंड फिनिश | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 |
| **ओवर ऑल स्कोर (राउंडिड ऑफ)** | **100** | **90** | **86** | **85** | **84** | **84** | **84** | **80** | **78** | **79** |

**रेटिंग:** >91 – बहुत अच्छा *****, 71–90. अच्छा****, 51–70. औसत ***, 31–50. खराब **, <30 – बहुत खराब*

* **संवेदी परीक्षण**– उपयोग और फिटिंग में सुविधाजनक, सोखने की क्षमता, डिस्पोजल योग्यता, और कुल मिलाकर स्वीकार्यता आदि तथ्य शामिल किए गए।